# दवा व्यवसायी ने ट्रेन के सामने कूद कर जिंदगी खत्म की



**शहडोल, देशबन्धु।** नगर के प्रमुख दवा व्यवसायी और चित्रा मेडिकल स्टोर्स के संचालक सुरेश लाहोरनी ने सोमवार को ट्रेन के सामने कूद कर अपनी जिंदगी समाप्त कर ली। जैसे ही यह खबर शहडोल में लोगों को हुई सभी हैरान रह गए। किसी को यकीन ही नहीं रहा हो रहा था कि सुरेश लाहोरानी इस तरह का कोई कदम उठा सकते हैं। यह घटना नौरोजाबाद रेलवे फाटक की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुरेश लाहोरानी उम्र लगभग 55 वर्ष सोमवार को सुबह घर से अपनी कार से निकले थे। बताया जा रहा है कि नौरोजाबाद रेलवे फाटक से पहले उन्होंने अपनी कर को सड़क किनारे खड़ी की और रेलवे फाटक के पास पहुंच गए। रेलवे फाटक बंद होने के कारण वहां लोगों की भीड़ भी थी। लेकिन जैसे ही एक ट्रेन वहां पहुंची सुरेश लाहोरानी ट्रेन के सामने कूद गए। वहां मौजूद लोगों के समझ नहीं आया कि अचानक क्या हुआ। ट्रेन जब वहां से गुजरी तो उनका क्षत-विक्षत शव पटरी पर पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और उसने पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया।

**नौरोजाबाद रेलवे फाटक में तैनात गेट कीपर**

अनुराग कुमार गुप्ता ने बताया की सुबह लगभग साढ़े दस बजे उक्त व्यक्ति फाटक के नीचे से ट्रैक पर आकर ट्रेन देखने लगा और जैसे ही ट्रेन फाटक के समीप आई तो वह ट्रेन के सामने कूद गया। उन्होंने बताया कि फाटक बंद होंने की वजह से फाटक के पास काफी लोग थे लेकिन कोई समझ नही पाया की आखिरवह क्या करने वाले है। गेट कीपर श्री गुप्ता ने बताया कि उसने चिल्लाकर उस व्यक्ति से पटरी से दूर होने के लिए भी कहा लेकिन उसने उसकी आवाज को अनसुना कर दिया।

**सुरेश लाहोरानी ने किन परिस्थितियों में ऐसा कदम**

उठाया यह किसी को समझ नहीं आ रहा है। लोगों में यह चर्चा व्याप्त है कि एक संपन्न व्यापारी के सामने आखिर कौन सी ऐसी दिक्कत आ गयी कि उन्होंने परिवार की परवाह किए बगैर ऐसा आत्मघाती कदम उठा लिया। श्री लोहरानी के एक पुत्र व एक पुत्री है। उनकी पुत्री जो सी ए है वह पुणे में रहती है जबकि पुत्र उनके साथ मेडिकल स्टोर्स में रहता था।

# पेट्रोल डालकर युवक ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा





**शहडोल, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने सोमवार को एक व्यक्ति ने हाई वोल्टेज ड्रामा किया। इस व्यक्ति ने अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने की कोशिश की जबकि उसकी पत्नी बीच बचाव कर उसे ऐसा करने से रोकते रही।

इस दौरान दोनों के बीच काफी देर तक कहा सुनी भी हुई। बाद में यह व्यक्ति जमीन पर लोटने लगा और खैरहा पुलिस को उसने जमकर अपशब्द भी कहे। यह व्यक्ति जोर-जोर से चिल्ला रहा था कि खैरहा पुलिस उसे और उसके परिवार को प्रताड़ित कर रही है, इसलिए वह पुलिस अधीक्षक के पास न्याय की गुहार लगाने पहुंचा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने वह काफी देर तक हो हल्ला करता रहा लेकिन इस उसकी किसी भी पुलिस अधिकारी से भेंट नहीं हो सकी।

वहीं दूसरी ओर इस घटनाक्रम के संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई है कि कलेक्ट्रेट परिसर शहडोल में अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं पर डीज़ल डालने की घटना प्रकाश में आई है। मामले की जांच-पड़ताल में पाया गया कि जिसके द्वारा उक्त घटना कारित की गई है उस युवक का नाम गोलू ढीमर पिता सुरेश ढीमर निवासी ग्राम छिरहटी थाना खैरहा है।

थाना खैरहा के धारा 296, 132, 121(1), 307, 351 (2), 3(5), 112(2) 49 में उक्त युवक के पिता सुरेश ढीमर एवं भाई सोम प्रकाश ढीमर आरोपी है। इस प्रकरण में पिता सुरेश ढीमर को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि भाई सोम प्रकाश वर्मन अभी फरार है। सोम प्रकाश ढीमर थाना खैरहा का निगरानी बदमाश है जिसके विरूद्ध 6 अपराध पंजीबद्ध हैं एवं जिसका जिला बदर प्रकरण जिला दण्डाधिकारी जिला शहडोल न्यायालय में विचाराधीन है।

इसी प्रकार सुरेश ढीमर के विरूद्ध थाना खैरहा में 3 आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा बताया गया है कि आज की घटना कारित करने वाले युवक के विरूद्ध भी थाना खैरहा में आपराधिक मामला दर्ज है।

थाना खैरहा में दर्ज उक्त प्रकरण में भाई सोम प्रकाश की गिरफतारी को रोकने हेतु पुलिस पर अनावश्यक दबाव बनाने की नियत से एवं पिता की गिरफ्तारी से क्षुब्ध होकर उक्त घटना कारित की गई है।

## सार-समाचार



### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नि:शुल्क टाइपिंग की व्यवस्था

**शहडोल, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय शहडोल में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान आने वाले दूर-दराज व असमर्थ नागरिकों के लिए नि:शुल्क टायपिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

इस सेवा का उद्देश्य सरकारी प्रक्रियाओं को सरल और सुलभ बनाना है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो आर्थिक कारणों से प्राइवेट टायपिंग सेवाओं का उपयोग नहीं कर सकते। यह सुविधा उन व्यक्तियों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है जो लंबी दूरी से यात्रा कर के जनसुनवाई में आते हैं, ताकि उन्हें बिना किसी अतिरिक्त बोझ के अपनी समस्याओं को प्रस्तुत करने का मौका मिल सके।

### संगठन पर्व की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोंजित




**पन्ना,देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनपर्व की जिला स्तरीय कार्यशाला आज स्थानीय लव कुश वाटिका में संपन्न हुई उक्त कार्यशाला में समस्त जिला पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्ष ,मोर्चा के अध्यक्ष समस्त जनप्रतिनिधि , प्रदेश कार्यकारणी सदस्यों ने कार्यशाला में भाग लिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री बृजेंद्र मिश्रा ने कहा की अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण हम तय किए गए लक्ष्य को पार करने में सफल हो रहे हैं श्री मिश्रा ने कहा कि आप सभी सक्रिय सदस्यता का फॉर्म भरकर जल्दी से जल्दी सक्रीय सदस्यता की सूची में अपना नाम दर्ज कराए कल तारीख 5/11 को सक्रिय सदस्यता की प्रथम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी उमेश शुक्ला ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी कि आप लोगों की मेहनत के कारण हम जिले के दिए गए आंकड़े को पार करने में सफल हुए हैं इसके बाद जिला निर्वाचन सह प्रभारी जयप्रकाश चतुर्वेदी जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की सभी सक्रिय सदस्यों से मिलकर ही चुनाव संपन्न करवाए जाएंगे इसके बाद मंडल स्तर कार्यशाला संपन्न होगी, कार्यक्रम को पूर्व मंत्री एवम वर्तमान विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा कार्यकर्ता पूर्ण निष्ठा लगन से संगठन का काम करता है इन्हीं की निष्ठा के कारण चुनावी जीत संभव हो पाई हैअंत में संगठन निर्वाचनप्रभारी श्री विनोद यादव ने कार्यशाला संबोधित करते हुए कहा की इस जिले में लगभग 9 लाख मतदाता है और जिले में लगभग 1 लाख 8श हजार हमारे सदस्य बन चुके हैं यदि एक सदस्य पांच मतदाता से मतदान करवाता है तो निश्चय ही पूरे जिले में 100 प्रतिशत भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान हो सकता है इन्होंने भाजपा एक संवेदनशील पार्टी है हमारे यहां पूरे साल काम चलता है श्री यादव ने कहा कि हमारा कार्यकर्ता पूरे साल काम करता है और इन्हीं के मेहनत का परिणाम है की लोकसभा में हमने 29 में से 29 सीटें प्राप्त की है ।

उक्त जानकारी जिले के मीडिया प्रभारी श्री दुर्गेश शिवहरे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। आयोजित कार्य शाला में मुख्य रूप से जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनोद यादव संगठन जिला प्रभारी श्री उमेश शुक्ला भाजपा जिला पन्ना अध्यक्ष श्री बृजेंद्र मिश्रा पन्ना विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह गुनौर विधानसभा विधायक श्री डॉ राजेश वर्मा पवई विधायक श्री प्रहलाद लोधी सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री जयप्रकाश चतुर्वेदी जी पन्ना नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी श्री श्रीमती आशा गुप्ता प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री सदानंद गौतम श्री बबलू पाठक जिला महामंत्री श्री बिबेक मिश्रा श्री दीपेंद्र सिंह जी प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एडवोकेट आशीष तिवारी जिला पंचायत अध्यक्षा श्री मति मीना राजे जी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति मीना पांडे मुख्य रूप से रही।

# पिज्जा में निकला कीड़ा, ग्राहक ने जताई आपत्ति

**शहडोल, देशबन्धु।** नगर में इन दिनो दूषित खाद्य पदार्थ लोगों को परोसा जा रहा है, इसका ताजा मामला बीती रात को देखने को मिला। एक युवक ने नगर के एक होटल से पिज्जा लिया और उसे लेकर युवक अपने घर पहुंचा, जब उसने परिवार के साथ उसे खोला तो वह उसे देख हैरान रह गया। क्योकि पिज्जे में कीड़े रेंग रहे थे, जिसे देख युवक व उसके परिवार के लोगों ने काफी नाराजगी जताते हुए उस दुकान पर पहुंचकर इसकी शिकायत की, लेकिन दुकानदार ने तो यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया की मौसम में परिवर्तन हुआ है, जिसकी वजह से कीड़ा अपने आप ही पिज्जा में आ गया।

बता दें कि नगर में इन दिनों दूषित खाद्य पदार्थ की बिक्री के मामले बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग का उदासीन रवैया बरकरार है। इस मामले में खाद एवं औषधि विभाग के अधिकारी आरके सोनी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। वहीं विभाग ने दिवाली के समय कुछ दिखावे की कार्रवाई की है। अगर समय पर दुकानों में पहुंचकर सेंपलिंग ली जाए तो शायद ऐसे मामले कम हो सकते हैं।

# बांधवगढ़ में आतंक मचाने वाले जंगली हाथी को रेस्क्यू टीम ने पकड़ा, निगरानी में रखा गया

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले से एक बड़ी खबर आ रही है, जहां बांधवगढ़ से लगे चंदिया वन परिक्षेत्र में आतंक का पर्याय बन चुके जंगली हाथी को रेस्क्यू टीम ने पकड़ लिया है। फिलहाल हाथी को पेड़ से बांधकर रखा गया है। उसके व्यवहार की निगरानी भी की जा रही है।

बता दें कि बाघों के लिए पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में आतंक का पर्याय बन चुके मेल हाथी का रेस्क्यू



करने की परमिशन चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन से मिलने के बाद पार्क प्रबंधन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी थी। हमलावर हाथी को पकड़ने वाली टीम में 4 हाथी, 10 गाड़ियों के साथ 100 अधिकारी-कर्मचारी तैनात थे।

गौरतलब है कि आतंक का पर्याय बन चुके इस जंगली हाथी ने बीते दिनों चंदिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत दो लोगों को मौत के घाट उतारा था। साथ ही दो लोगों को घायल किया था। उसके बाद पार्क प्रबंधन ने इन जंगली हाथी के रेस्क्यू करने की परमिशन मांगी थी और परमिशन मिलने के बाद पार्क प्रबंधन इस जंगली हाथी को रेस्क्यू करने में जुट गया था।

# पुलिस की जुआफड़ पर दबिश, नौ जुआरी पकड़े, नकदी 48 हजार पांच सौ रुपए जब्त

**उमरिया, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक उमरिया एवं अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया ने अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए लगातार समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया जा रहा है।

जिले के थाना प्रभारियों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं । इसी कड़ी में थाना पाली पुलिस ने विगत तीन नवम्बर को जुआफड़ पर रेड कार्यवाही करते हुए नौ जुआरियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए नगद 48500 रूपये जब्त किये गये है। पाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खोलखम्हरा के जंगल में कुछ लोग हार जीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तो से जुआ खेल रहे है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम का गठन कर घटनास्थल पर पहुंचकर, पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करते हुए टार्च की रोशनी में जुआ खेलते हुए नौ अभियुक्त मिन्टु चौरसिया निवासी शहडोल, विजय सिंह निवासी सोहागपुर, रामकुमार रैकवार निवासी बुढार जिला शहडोल, एमयू खान निवासी पाली जिला उमरिया, राजेश नारायण निवासी शहडोल, विवेक मिश्रा निवासी सोहागपुर शहडोल, विजय पटेल निवासी शहडोल, प्रीतम विश्वकर्मा निवासी सोहागपुर, राजेश सोनी निवासी सोहागपुर को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से नकद 48500 रुपए जप्त कर 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर विधिसंगत कार्यवाही की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी पाली निरीक्षक मदनलाल मरावी, सउनि पुष्पराज सिंह, प्र.आर. महेश साहू, प्र.आर. योगेश्वर सिंह, प्र.आर. चंद्रशेखर, प्र.आर. रणवीर, प्र.आर. अनिल, प्र.आर. धर्मेन्द्र, आर. अमन, आर. रेवाशंकर एवं सायबर सेल से संदीप सिंह की भूमिका रही है।

# श्री विद्यासमय शाखा महिला परिषद ने गोशाला जाकर गायों को खिलाई गुड़ रोटी

**लालाबर्रा,देशबन्धु।** अखिल भारतीय महिला परिषद मनोरमा संभाग की श्री विद्यासमय शाखा बालाघाट की महिला सदस्यों ने प्रांतीय अध्यक्ष डां श्रीमती आशा जैन, सचिव श्रीमती मंजू जैन के निर्देशन, संभाग अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता जैन व सचिव श्रीमती सीमा जैन के मार्गदर्शन में गोवर्धन पूजा के अवसर पर वारासिवनी स्थित गौशाला में गर्भवती गायों, बछडो, अपंग व बीमार सांडो एवं स्वस्थ गायों को गुड़-रोटी व सब्जिया खिलाई, साथ हीं 30 किलो गुड़ व 21 सौ की राशि गौवंश के स्वास्थ के लिए औषधि दान के रूप में दिया। चर्चा में श्री विद्यासमय शाखा की अध्यक्ष श्रीमती माधुरी जैन ने बताया कि अंहिसा परमो धर्म को चरितार्थ करते हुए परिषद के 12 सूत्रीय लक्ष्यो में से एक जीव दया-पशु पक्षियों की सुरक्षा संरक्षण के तहत ये कार्यक्रम किया गया, जिसमें सचिव श्रीमती दीपा जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमती निधि जैन, सहसचिव श्रीमती प्रियंका जैन, कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती मेघा, सोनल, आभा जैन, रजनी जैन, अनामिका जैन, जूली जैन का सराहनीय योगदान रहा जिनके द्वारा गौशाला में गौ माता की सेवा हेतु पुनीत कार्य किया गया। श्रीमती जैन ने बताया कि कार्यक्रम समापन प्श्चात शाखा की सभी सदस्यों द्वारा वारासिवनी स्थित गुलाबी पत्थर से निर्माणाधीन दिगम्बर जैन मंदिर में स्थित जैन प्रतिमाओ के दर्शन प्राप्त किये।



# लंबित शिकायतों के प्रभावी निराकरण के निर्देश

**पन्ना, देशबन्धु।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय ने सोमवार को सायं कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ लंबित टीएल एवं जनसुनवाई पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों के निराकरण के संबंध में समीक्षा की। इस दौरान नवम्बर माह के अंतिम सोमवार को प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विभागवार विषयों की शिकायतों के तत्परतापूर्वक निराकरण के लिए निर्देशित किया। प्रत्येक सप्ताह लंबित शिकायतों का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों को जनसुनवाई शिकायतों को अनिवार्य रूप से सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज करने के लिए कहा।

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि लंबित शिकायतों के समय सीमा में निराकरण के लिए नियमानुसार कार्यवाही करें। सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ समय पर प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया जाए। अधिकारियों को गत अक्टूबर माह की शिकायत का गंभीरतापूर्वक निराकरण करने तथा मॉनीटरिंग सहित लापरवाही पर कार्यवाही के लिए चेतावनी दी गई।




**जिला पंचायत सीईओ ने ली टीएल बैठक, दिए निर्देश**

साथ ही आगामी 20 नवम्बर तक कार्ययोजना तैयार कर विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए कहा। उन्होंने समस्त तहसीलदार को नियमित रूप से पटवारियों के हल्कावार शिकायतों के निराकरण का रिव्यू करने के निर्देश भी दिए। टीएल बैठक में संबल योजना पंजीयन, 11 नवम्बर तक अभियान के माध्यम से 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने तथा प्रधानमंत्री उन्नत ग्राम अभियान की समीक्षा भी की गई।

# निलंबित जवान ने आरक्षक पत्नी का गला घोंटा

**बालाघाट, देशबन्धु।** एसएएफ के निलंबित जवान ने गला दबाकर अपनी पुलिस आरक्षक पत्नी की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी निलंबित आरक्षक ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया था। आरोपी ने गत वर्ष अपने ससुर और साले पर भी प्राणघातक हमला किया था। हत्या के प्रयास के आरोप में वह फरवरी माह में जेल से छूटकर आया था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नम्बर 13 महाराणा प्रताप नगर में उपासना बघेल उम्र 28 वर्ष की उसके पति विषाल बघेल ने गला दबाकर हत्या कर दी। महिला पुलिस लाइन बालाघाट में आरक्षक के पद पर कार्यरत थी। आरोपी विशाल एसएएफ बटालियन इंदौर में जवान के पद पर पदस्थ था। उसने लगभग डेढ़ साल पूर्व अपने ससुर तथा साले पर प्राण घातक हमला किया था। जिस कारण वह लगभग एक साल जेल में रहा। फरवरी में जमानत का रिहा हुआ था। उसे निलंबित कर दिया गया था।

# ब्रह्माकुमारियों ने जेल में कैदी भाइयों के साथ मनाया भाईदूज उत्सव

**पन्ना, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पन्ना द्वारा पन्ना जेल में कैदी भाइयों के साथ भाई दूज एवं दीपावली का उत्सव मनाया गया।

बहन जी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए एवं आत्मिक स्मृति का तिलक देकर कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है पर कदाचित यह भीतर के प्रकाश का प्रतीक है। बाहर के प्रकाश में, बाहरी जगत को तो हम प्रतिदिन ही देखते हैं। क्या 364 दिन इंतजार करने के बाद आने वाला यह महापर्व भी हमें बाहरी जगत का ही दर्शन कराएगा? क्या इसके आगोश में ऐसी कोई कीमती चीज़ नहीं है जो इसे अन्य दिनों से पृथकता प्रदान करे? है, इसके पास एक कल्याणकारी, अलौकिक संदेश है - 'अपने भीतर के दीप को जलाओ; घर-घर में हर एक का आत्म-दीप जलाओ; इस आत्म-ज्ञान की रोशनी में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार और आलस्य की अमावस्या को जला दो; शुद्ध स्नेह, शांति, संतोष, आत्मिक भाव और नम्रता की पूर्णिमा अर्थात पूर्णता के युग का आह्वान करो। मनुष्य घरों की सफाई करते हैं वास्तव में सर्वप्रथम सफाई की जाती है मन, वचन, कर्म की। हमें दृष्टि, वृत्ति की सफाई करनी है मन के अंदर से नकारात्मक व अशुद्ध विचार को समाप्त करना है। आपने कहा कि, दीपावली में व्यापारी अपने पुराने खाते को खत्म कर नया बहीखाता आरंभ करते हैं अर्थात आज तक हमारा कइयों के साथ जो भी मनमुटाव हुआ हो, कोई बुरा व्यवहार हो गया हो - उन पुराने खातों को समाप्त करें, पुरानी बातों को समाप्त करें और आज से नए खाते का आरंभ करें अर्थात नवीनता अपने जीवन के अंदर लेकर आए इसलिए व्यापारी लोग जब नई बहीखाता आरंभ करते हैं तो उस पर



शुभ-लाभ जरूर लिखते हैं शुभ-लाभ तो तभी होगा जब लाभ का उल्टा अर्थात भला करेंगे।